कोटद्वार, शनिवार
25 नवम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 206 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## टनल में फंसे श्रमिकों को लेकर प्रधानमंत्री बेहद संवेदनशील : धामी

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : उत्तरकाशी सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद संवेदनशील हैं। प्रधानमंत्री रोजाना सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों एवं उनके परिजनों के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को फोन कर अपडेट ले रहे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बातचीत में प्रधानमंत्री ने बचाव कार्य में उत्पन्न होने वाली बाधा और रुकावट के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि न्यू ऑस्ट्रियन टनल मेथड से इस सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। इस्पात से बनी वस्तुओं के ऑगर मशीन के सामने आने पर कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में ऑगर मशीन को रोककर और फिर उसे बाहर निकालकर सभी अवरोधों को श्रमिकों द्वारा दूर किया जा रहा है, जिस कारण इस प्रक्रिया में समय लग रहा है। मुख्यमंत्री को इस दौरान प्रधानमंत्री ने विशेष निर्देश दिए कि जब श्रमिक टनल से बाहर निकलेंगे तो उनके स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। प्रधानमंत्री ने इस दौरान सुरंग



के अंदर फंसे श्रमिकों की स्थिति और उनको दी जाने वाली खाद्य और दैनिक दिनचर्या की वस्तुओं के बारे में जानकारी लेने के साथ ही राहत और बचाव कार्य में लगे श्रमिकों की स्थिति और उनके लिए किए जा रहे सुरक्षा के उपाय के बारे में पूछा। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिए कि इसमें किसी तरह की कोई कमी न रहे। उन्होंने बचाव कार्य की प्रगति और किए जा रहे कार्यों के साथ ही विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और यदि किसी अन्य सहयोग की जरूरत है तो उस पर जानकारी ली। साथ ही श्रमिकों के परिजनों के बारे में जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्रमिकों एवं उनके परिजनों का मनोबल बनाए रखने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। सिलक्यारा में स्थापित अस्थाई अस्पताल में तैनात डॉक्टर्स के द्वारा श्रमिकों के स्वास्थ्य के निरंतर निगरानी की जा रही है। एम्बुलेंस से लेकर नजदीकी अस्पताल में 41 विशेष बेड श्रमिकों हेतु तैयार किये गए हैं। मनोचिकित्सकों के द्वारा भी नियमित रूप से टनल में फंसे श्रमिकों की काउंसलिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राहत और बचाव कार्यों में लगे राहत एवं बचाव कार्य में जुटे श्रमिक पूरे मनोयोग एवं अथक परिश्रम से जुटे हुए हैं। इन श्रमिकों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेस्क्यू स्थल पर प्री कॉस्ट आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट और ह्यूम पाइप के जरिए सुरक्षा कैनोपी और एस्केप टनल बनाई गई है। इससे किसी भी आपात स्थिति में सुरंग के भीतर रेस्क्यू में जुटे लोगो को सुरक्षित निकासी सुनिश्चित हो सकेगी। सुरक्षा से जुड़ी अन्य विशेष हिदयतो पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## नैनीताल बैंक को फिर से निजी हाथों में देने की सुगबुगाहट

नैनीताल। नैनीताल बैंक को फिर से निजी हाथों में सौंपने की सुगबुगाहट से नैनीताल बैंक आफिसर्स एसोसिएशन मुखर हो गया है। सड़कों पर उतरकर विरोध–प्रदर्शन करने की चेतावनी दे डाली है लड़ाई सड़कों पर भी लड़ाई जाएगी, जिसमें बेमियादी हड़ताल भी शामिल है। दरअसल, राष्ट्रीय मीडिया में सूत्रों के हवाले से जानकारी सामने आई है कि बैंक आफ बड़ौदा नैनीताल बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेच रहा है। हिस्सेदारी में खरीद के लिए चार–पांच निवेशकों ने रुचि दिखाई है। नैनीताल बैंक की स्थापना भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत सहित नैनीताल के जानेमाने लोगों ने की थी। इस बैंक की स्थापना का मकसद पहाड़ के लोगों को बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराना था।

**उत्तराखंड में हैं बैंक की सबसे अधिक शाखाएं**

नैनीताल बैंक की सर्वाधिक शाखाएं भी उत्तराखंड में ही हैं। इसका मुख्यालय नैनीताल में ही है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान में भी बैंक की शाखाएं हैं। नैनीताल बैंक में बैंक आफ बड़ौदा की 98.57 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नैनीताल बैंक




की 166 शाखाएं हैं। पांच राज्यों में बैंक के करीब एक हजार अधिकारी–कर्मचारी हैं।

बैंक को निजी हाथों में सौंपने की सुगबुगाहट के बाद शुक्रवार को नैनीताल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी नैनीताल बैंक के प्रधान कार्यालय पहुंचे। बैंक के जीएम दीपक पंत व अन्य अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने प्रबंधन से इस मामले में जानकारी चाही।

**15 दिन के भीतर स्थिति साफ करने की मांग**

एसोसिएशन ने बैंक के प्रबंधन को अगले 15 दिन के भीतर स्थिति साफ करने की मांग की।

बैंक प्रबंधन ने भरोसा दिया कि बाब के प्रबंधन से पत्राचार कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के साथ ही कर्मचारियों की भावनाओं से अवगत कराएगा।

### एक नजर

## कोटद्वार में अग्निवीर भर्ती रैली कल से

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार में 26 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियां जोरो पर चल रही है। काशीरामपुर तल्ला ग्राउण्ड में टेंट लगा दिया गया है।

रैली में पहुंचने वाले युवाओं को काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में एकत्रित किया जायेगा। तत्पश्चात प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें गब्बर सिंह कैंप स्थित बलबीर स्टेडियम भेजा जायेगा, जहां उनकी शारीरिक दक्षता परीक्षा व अन्य दस्तावेजों की जांच होगी। उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने बताया कि भर्ती रैली में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा अप्रैल माह में संपन्न हो चुकी है। लिखित परीक्षा पास युवा ही रैली में शामिल होंगे। बताया कि 26 नवंबर को 750, 27 नवंबर को 1200 और 28 नवंबर को 1300 युवा भर्ती रैली में प्रतिभाग करेंगे। बाकी दिवस अन्य कार्यों के लिए रिजर्व रखे गये हैं। बताया कि रैली को लेकर अन्य संबंधित विभागों को जरूरी दिशा निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं।

## श्रमिकों के इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश पूरी तरह तैयार

ऋषिकेश। उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में फंसे मजदूरों को यदि एम्स ऋषिकेश लाया जाता है, तो श्रमिकों के इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश पूरी तरह तैयार है। चिकित्सकों को अलर्ट मोड पर रखा गया है और अस्पताल प्रशासन ने श्रमिकों के बेहतर उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की चार टीमें गठित की हैं। उत्तरकाशी से एम्स पहुंचाए जाने की स्थिति में श्रमिकों को एम्स के हेलीपैड से सीधे अस्पताल के इमरजेंसी में ले जाया जाएगा। तैयारियों के बाबत जानकारी देते हुए एम्स अस्पताल प्रशासन के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नरेन्द्र कुमार ने बताया कि ट्रॉमा सेन्टर के डिजास्टर वार्ड सहित अस्पताल के अन्य एरिया में सभी श्रमिकों के लिए 41 बेडों की पर्याप्त व्यवस्था रखी गई है। कहा कि आपात स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों की चार टीमें गठित कर उन्हें अलर्ट मोड पर रखा गया है।

## आपके पास अदाणी के खिलाफ क्या सबूत हैं', सुप्रीम कोर्ट ने प्रशांत भूषण को लगाई फटकार


नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी हिंडनबर्ग मामले में सभी पक्षों की बहस सुनकर शुक्रवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान हिंडनबर्ग रिपोर्ट और गार्जियन व फाइनेंसियल एक्सप्रेस में छपी रिपोर्ट के आधार पर जांच की मांग कर रहे याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण से कहा कि मीडिया रिपोर्ट के आधार पर बाजार नियामक एजेंसी सेबी से निर्णय लेने को नहीं कहा जा सकता।

**'हमें सबूत चाहिए'**

कोर्ट ने कहा कि हम विदेशी रिपोर्ट को शाश्वत सत्य कैसे मान सकते हैं। हम रिपोर्ट खारिज नहीं कर रहे, लेकिन हमें सबूत चाहिए। सेबी हमारी विधायी संस्था है। उससे जांच कराई गई है और सेबी की जांच पर संदेह का कोई आधार नहीं है।

**कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला**

मामले में बहुत सारे साक्ष्य होने की भूषण की दलील पर कोर्ट ने कहा, दिखाइए



क्या सबूत हैं, लेकिन भूषण ने फिर से हिंडनबर्ग रिपोर्ट का ही हवाला दिया, जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया और आगाह भी किया कि सोच समझकर बोलें।

**सेबी के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

भूषण ने समयसीमा के अंदर जांच पूरी न करने के लिए सेबी के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि, शुक्रवार को बहस के दौरान केंद्र सरकार और सेबी की तरफ से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रशांत भूषण के मामले में पेश होकर बहस करने पर सवाल उठाए।

तुषार मेहता ने कहा कि भूषण जिस गैर सरकारी संगठन आर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) की रिपोर्ट का हवाला दे रहे हैं, वह रिपोर्ट इन्हीं ने तैयार कराई है और अब यही उस पर भरोसा करके कोर्ट में बहस कर रहे हैं तो क्या यह हितों का टकराव नहीं है। कोर्ट को ऐसे व्यक्ति को क्यों सुनना चाहिए। ध्यान रहे कि यह संस्था जार्ज सोरो द्वारा वित्तपोषित है।

**'भारत के बाहर स्टोरी प्लांट कराने की प्रवृत्ति बढ़ रही है'**

मेहता ने यह भी कहा कि आजकल भारत के अंदर निर्णयों को प्रभावित करने के लिए भारत के बाहर स्टोरी प्लांट कराने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ओसीसीआरपी रिपोर्ट इसका एक उदाहरण है।

## प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के चौथे चरण के लिए गाइडलाइन जारी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना को अधिक रोजगारपरक बनाने के लिए महीनों से चल रहे प्रयासों को स्वरूप में ढाल दिया गया है। पिछले तीन चरणों की चुनौतियों को देखते हुए चौथे चरण के लिए कई सुधारों के साथ कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने गाइडलाइन जारी कर दी है।

**हर जिले का होगा अलग 'स्किल डेवलपमेंट प्लान'**

प्रयास यही है कि योजना को यूं ही समान रूप से न थोप दिया जाए, बल्कि जहां जिस कौशल की आवश्यकता है, उसी के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि उन्हें रोजगार भी मिल सके। इसे देखते हुए ही हर जिले का अलग 'स्किल डेवलपमेंट प्लान' बनाने का महत्वपूर्ण निर्णय किया गया है।

**2014 में बनाया गया कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय**

केंद्र की सत्ता में मोदी सरकार के आने पर 2014 में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जोर कौशल विकास और उद्यमशीलता पर है, इसलिए मंत्रालय ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 2015 में शुरू की। इसके पहले चरण में 19.86 लाख, दूसरे चरण में 1.10 लाख और तीसरे चरण में 7.37 लाख सहित कुल 1.37 करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया।

## 54वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फीचर फिल्म 'ढाई आखर प्रेम' का चयन

ऋषिकेश।: ऋषिकेश तथा हरिद्वार के आसपास क्षेत्र में फिल्माई गई निर्देशक प्रवीण अरोड़ा की निर्देशित तथा अमरीक सिंह दीप के उपन्यास "तीर्थाटन के बाद" की कहानी पर आधारित फिल्म "ढाई आखर प्रेम" का चयन अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए हुआ है। इस फिल्म की पटकथा व संवाद असगर वजाहत ने लिखे हैं।

**हरिद्वार व ऋषिकेश में की गई है फिल्म की शूटिंग**

फिल्म से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार प्रबोध उनियाल ने बताया कि 25 नवंबर को गोवा में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में इस फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। "ढाई आखर प्रेम" फिल्म की शूटिंग हरिद्वार व ऋषिकेश के आसपास की गई है।

हिंदी फीचर फिल्म है "ढाई आखर प्रेम" प्रवीन अरोड़ा द्वारा निर्देशित और कबीर कम्युनिकेशंस और आकृति प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले निर्मित यह फिल्म एक हिन्दी फीचर फिल्म है। इस फिल्म को आधिकारिक तौर पर गोवा में होने वाले 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आइएफएफआइ) 2023, के प्रतियोगिता सेक्शन में चुना गया है।

## शहीद संजय को अंतिम विदाई देने पहुंचा ग्रामीणों का जन सैलाब

नैनीताल। जम्मू कश्मीर के राजौरी में बुधवार को हुए आतंकी हमले में शहीद हुए रातीघाट नैनीताल के सेना पैरा कमांडो संजय बिष्ट की सैन्य सम्मान के साथ शव यात्रा निकाली गई। सेना के अधिकारियों के साथ ही जिला प्रशासन तथा ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा।

ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शहीद संजय को अंतिम विदाई दी। शहीद की अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने संजय की शहादत पर भारत माता की जय के नारे लगाए तो वहीं गमगीन माहौल में लोगों की आंखें भी छलक पड़ी। बता दें कि सेना की नाइन पैरा कंपनी में तैनात संजय बिष्ट (28) पुत्र देवेंद्र सिंह बिष्ट निवासी ग्राम हली, रातीघाट आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गए थे। गुरुवार तड़के उनके परिजनों को सेना की



ओर से फोन पर सूचना दी गई। इसके बाद से ही यहां लोगों का एकत्रित होना शुरू हो गया। शुक्रवार सुबह से ही लोग शहीद संजय के पार्थिव शरीर के इंतजार में उनके घर पर बैठे रहे। हजारों की तादाद में पहुंचे लोगों ने जवान की शहादत में भारत माता के जयकारे भी लगाए। सुबह करीब 11 बजे शहीद का पार्थिव शरीर हेलीकॉप्टर से सैनिक स्कूल घोड़ाखाल लाया गया। जिसके बाद आर्मी बैंड तथा देशभक्ति के बीच आर्मी अधिकारियों की मौजूदगी में संजय का शव उसके पैतृक गांव हली, रातीघाट पहुंचा।

# महावीर चक्रविजेता शहीद मेजर राजेश अधिकारी के नाम से जाना जाएगा कुमाऊँ विवि का केंद्रीय पुस्तकालय, राज्यपाल ने किया शुभारंभ




देहरादून/कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के केंद्रीय पुस्तकालय का नाम महावीर चक्र विजेता शहीद मेजर राजेश अधिकारी के नाम से जाना जाएगा। शुक्रवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन देहरादून से इसका वर्चुअली शुभारंभ किया। अपने वर्चुअल संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले कुमाऊँ विश्वविद्यालय के छात्र रहे शहीद मेजर राजेश अधिकारी के नाम पर केंद्रीय पुस्तकालय का नाम रखे जाने के ऐतिहासिक पलों के हम सभी साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हम सभी शहीद मेजर राजेश अधिकारी के देश प्रेम से ओत-प्रोत जीवन से प्रेरणा लेते हुए देश की एकता व अखंडता को कायम रखने में अपना अधिकाधिक योगदान देंगे।

राज्यपाल ने माँ भारती के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले कारगिल शहीद के बलिदान को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम और इस पुनीत सोच के लिए कुलपति और पूरे विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कुमाऊँ विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि मेजर राजेश अधिकारी ने अपनी बीएससी की पढ़ाई कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल से की थी।

राज्यपाल ने कहा कि कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय के दौरान उत्तराखण्ड के भी 75 जांबाजों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। इनमें एक नाम नैनीताल के मेजर राजेश अधिकारी का भी शामिल है। जिनकी वीरता की कहानी सुनकर सभी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है।

राजेश अधिकारी ने जहाँ खुद गोली से छलनी होकर भी दुश्मनों के बंकर तबाह कर दिए थे वहीं अदम्य साहस से प्वाइंट 4590 पर कब्जा कर शहादत प्राप्त की। मेजर राजेश अधिकारी को असाधारण वीरता एवं सर्वोच्च बलिदान के लिए मरणोपरांत उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया जो पूरे उत्तराखण्ड के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि आज के दिन हम देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान देने वाले अपने जांबाज सैनिकों के बलिदान को कभी न भूलने की प्रतिज्ञा करें। कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए सभी अमर शहीदों के साथ-साथ शहीद मेजर राजेश अधिकारी को पुनः नमन करते हुए मैं विश्वास व्यक्त करता हूं कि देश के शहीद वीर जवानों का शौर्य और अदम्य साहस सभी युवाओं को अपने राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता रहेगा।

## एक नजर

### भाषा विभाग के सचिव के नाम साइबर ठगी की कोशिश

देहरादून। उत्तराखंड सचिवालय के भाषा विभाग में तैनात सचिव के नाम ठगी की कोशिश की गई। उनकी तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर डालनवाला राजेश साह ने बताया कि भाषा विभाग के सचिव विनोद प्रसाद रतूड़ी ने तहरी दी। कहा कि उनके एक मोबाइल नंबर पर वर्तमान में रिचार्ज नहीं है। आरोप है कि उस नंबर से सुमन प्रसाद रतूड़ी, एमपी रतूड़ी समेत कुछ लोगों को मैसेज किए गए। जिसमें सचिव विनोद प्रसाद रतूड़ी का नाम लेते रुपये की मांग की गई। रकम एक मोबाइल नंबर देते हुए उस पर पेटीएम करने को कहा गया। इसका पता पीड़ित को लगा तो उन्होंने डीजीपी कार्यालय में तहरीर दी। तहरीर वहां कोतवाली पहुंची। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर साह ने बताया कि मैसेज में आरोपी कई-कई हजार रुपये मांगे हैं।

### सीनियर नेशनल बास्केटबाल चैंपियनशिप तीन से लुधियाना में

देहरादून। लुधियाना (पंजाब) में तीन दिसंबर से शुरू होने वाली 73 वीं सीनियर नेशनल बास्केटबाल चैंपियनशिप के लिए उत्तराखंड के 22 खिलाड़ियों को कैंप के लिए चयनित किया गया है। उत्तराखंड बास्केटबाल एसोसिएशन के महासचिव मनदीप ग्रेवाल ने बताया कि यह चैंपियनशिप 10 दिसंबर तक लुधियाना में होगी। भारत के पूर्व बास्केटबाल खिलाड़ी व हेड कोच रियाजुद्दीन के नेतृत्व में उत्तराखंड के 12 खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे। हेड कोच रियाजुद्दीन व सहायक कोच बलविंदर सिंह व हरेंद्र सिंह की अगुवाई में इन दोनों ओएनसीजी के ग्राउंड में इन 22 खिलाड़ियों का कैंप चल रहा है।

### मार्ग सुधारीकरण करने की मांग

विकासनगर। क्षेत्र के ग्रामीणों ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज को एक ज्ञापन भेज कांडी च्यामा गाता गौराघाटी मोटर मार्ग के सुधारीकरण की मांग की है।पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज को भेजे ज्ञापन में उन्होंने लिखा है कि कांडी च्यामा गाता से लाखामंडल को जोड़ने वाला पुराना मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है मार्ग पर बड़े गड्ढे बने हुए है व कई जगह पैराफिट भी गिर हुए हैं कहा कि उपरोक्त मार्ग को लाखामंडल आने के लिए कई गांव के ग्रामीणों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग के 10 किलोमीटर के टुकड़े की देखभाल में लंबे समय से कोताही बरती जा रही है ।

# विधायक प्रदीप बत्रा ने 200 लाभार्थियों को चेक वितरित किए



रुड़की। विधायक प्रदीप बत्रा के नहर किनारे स्थित सेवा केंद्र (कैंप कार्यालय) पर गत भारी बरसात में क्षेत्रीय लोगों के घरों में जलभराव के कारण हुए हानि के लिए विधायक प्रदीप बत्रा , भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति , एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा बत्रा के द्वारा राहत कोष से चेको का वितरण किया गया, जिसमे लगभग 200 लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए है इस मौके पर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा गया कि उत्तराखंड की धामी सरकार समाज के हर वर्ग के साथ खड़ी हुई है। भारी बरसात के कारण लोगों को बहुत नुकसान पहुंचा था इसलिए माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा समन्धित लोगो को सहायता प्रदान करने हेतु घोषणा की गई थी । जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति के द्वारा भी माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का लोगो की जनता को सहायता के लिए धन्यवाद किया । इस मौके पर रुड़की पूर्वी एवं पश्चिम के मंडल अध्यक्ष संजीव तोमर एवं संजय त्यागी, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अनुज सैनी, समर्पण अध्यक्ष नरेश यादव, सतीश सैनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विंध्यवासिनी घाटी में ऑल वेदर रोड का निर्माण किया जाए

ऋषिकेश। गंगा भोगपुर विंध्यवासिनी ऑल वेदर रोड समिति ने यमकेश्वर विधायक से मुलाकात की। उन्होंने विधायक से तालेश्वर विंध्यवासिनी घाटी में ऑल वेदर रोड बनाने की मांग की। शुक्रवार को ऋषिकेश स्थित यमकेश्वर विधायक रेणु बिष्ट के आवास पर यमकेश्वर तालेश्वर विन्ध्यवासिनी घाटी के लोग पहुंचे। उन्होंने कहा कि तालेश्वर विन्ध्यवासिनी घाटी में स्थायी सड़क नहीं होने के कारण आसपास के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में यह क्षेत्र ताल और त्याड़ो नदी के उफान पर होने के कारण पूरी तरह से चारों ओर सम्पर्कहीन हो जाता है। यहां ऑलवेदर सड़क का निर्माण किया जाए, ताकि यहां के लोग चिकित्सा सहित अन्य सुविधाओं के लिए ऋषिकेश, यमकेश्वर मुख्यालय सहित अन्य जगहों के लिए आवागमन कर सकें। उक्त सड़क निर्माण से क्षेत्र और राजाजी नेशनल पार्क में कार्यरत कार्मिकों को काफी सुविधा हो जाएगी। यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट ने कहा कि यमकेश्वर विधायक होने के नाते वह क्षेत्र की परिस्थितियों से वाकिफ हैं। इस समस्या के लिए वह अपने स्तर से विधानसभा में रखेंगी। इस सड़क के निर्माण के लिए सभी तकनीकि और प्रशासनिक राय लेकर उपयुक्त कार्य किया जाएगा।

# परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की हुई भेंटवार्ता

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की नई दिल्ली में भेंटवार्ता हुई। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के आचार्य बालकृष्ण का भी पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उदयमान भारत के पुरोधा हैं जिन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में अनेक विकास कार्यो की आधारशिला रखी। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और उनके अद्भुत नेतृत्व में नई संसद, चंद्रयान-3,-20 शिखर सम्मेलन और महिला आरक्षण विधेयक जैसे अद्भुत कार्य सम्पादित हुये जिन्होंने पूरे भारत को गौरवान्वित किया है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर और उज्जैन में महाकाल मंदिर का विकास, कॉरिडोर का निर्माण आस्था व व्यवस्था का अद्भुत संगम है। मन्दिर



परिसर, उसके आसपास के क्षेत्रों के विस्तार, सौंदर्यीकरण कर अपनी प्राचीन परम्पराओं का संरक्षण करने में अद्भुत भूमिका निभायी है। स्वामी जी ने अपनी हाल ही की केदारनाथा धाम व महाकाल यात्रा का उल्लेख करते हुये कहा कि अपार सांस्कृतिक व आध्यात्मिक वैभवता से युक्त महाकालेश्वर मन्दिर व केदारनाथ धाम 12 ज्योतिर्लिंगों में से है। वह मंदिर भारत में 18 महा शक्तिपीठों में से एक के रूप में प्रतिष्ठित है। महाकालेश्वर धाम दक्षिण की ओर मुख वाला एकमात्र ज्योतिर्लिंग है। पुराणों के अनुसार, भगवान शिव ने प्रकाश के एक अंतहीन स्तंभ के रूप में विश्व को वेधित किया, जिसे ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की सरकार, संस्कारी सरकार है जिन्होंने राम मन्दिर का निर्माण शुरू करवा कर राममन्दिर के साथ राष्ट्र मन्दिर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का कद अत्यंत ऊंचा हुआ है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को पुनर्जीवित करने हेतु अद्भुत भूमिका निभायी है। इसरो के वैज्ञानिकों को भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण में सबसे आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया है जो वास्तव में अद्भुत उपलब्धि है। हमारे तिरंगे झंडे को चंद्रयान के माध्यम से चांद पर लहराने का अवसर हमें प्राप्त हुआ जो हम सभी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण विधेयक को लाकर न केवल नारी शक्ति की गरिमा व सम्मान को बढ़ाया है बल्कि हमारी सदियों पुरानी परंपराओं, संस्कृति, संस्कार, आस्था व व्यवस्था को बनाये रखने में भी अद्भुत भूमिका निभायी है।

# तजेंद्र रावत करेंगे उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार के युवा हॉकी प्रशिक्षक तेजेंद्र रावत का चयन 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष नेशनल चैंपियनशिप 2023 के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 23 से 28 नवंबर के बीच चेन्नई तमिलनाडु में आयोजित हो रही है।

देवी नगर काशीरामपुर मल्ला निवासी तेजेंद्र रावत पुत्र गोपाल सिंह रावत विद्यालय स्तर पर पांच बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर चुके हैं और पांच मर्तबा उन्होंने गढ़वाल विश्वविद्यालय का भी प्रतिनिधित्व किया है। तेजेंद्र ने अपनी फिजिकल एजुकेशन की डिग्री गुरुकुल विश्वविद्यालय से वर्ष 2020 में पास की और उसके पश्चात रानी लक्ष्मीबाई कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन से एन.आई.एस का कोचिंग डिप्लोमा प्राप्त कर खेल विभाग द्वारा मिनी स्टेडियम मोटाडाक में बतौर प्रशिक्षक नियुक्त हुए। तेजेंद्र की इस उपलब्धि पर जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक धीरेंद्र, सचिव गिरिराज सिंह रावत, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सुनील रावत, स्टेडियम प्रभारी संदीप डुकलान, बॉक्सिंग प्रशिक्षक श्याम डांडी, प्रधानाचार्य जनता इंटर कालेज मोटाढांक डॉ. महावीर बिष्ट, शारीरिक शिक्षक सिद्धार्थ कोटनाला, नितिन बिष्ट ने खुशी जताई।

## सिद्धबली वार्षिक अनुष्ठान 1 दिसंबर से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार स्थित सिद्धपीठ श्री सिद्धबली में 1 से 3 दिसंबर तक श्री सिद्धबली वार्षिक अनुष्ठान मेला आयोजित किया जाएगा।

मंदिर समिति ने मेले के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।

मंदिर समिति अध्यक्ष जे पी ध्यानी ने बताया कि एक दिसंबर को मेले का आरंभ सिद्धबाबा के पिंडी अभिषेक से होगा। तदोपरांत मंदिर परिक्रमा व कलश यात्रा के उपरांत एकादश कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। अपराह्न तीन बजे से बाबा की शोभा यात्रा निकाली जायेगी। दो दिसंबर को पिंडी अभिषेक व एकादश कुंडीय यज्ञ के बाद दोपहर बारह बजे से गढ़वाली भजन संध्या में लोकगायिका हेमा करासी बाबा की महिमा का गुणगान करेंगी। तीन दिसंबर को एकादश कुंडीय यज्ञ के बाद सिद्धबाबा के जागर होंगे और इंडियन आइडल फेम हेमंत बृजवासी हिंदी भजन प्रस्तुत करेंगे। कहा कि अनुष्ठान को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी कर दिया गया है।

# पीड़िता को वापस दिलाए साइबर ठगी के 1.12 लाख



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जनपद पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर में ऑनलाइन पूजा पाठ करवाने के नाम पर ठगी गई 1.12 लाख की राशि को पौड़ी पुलिस ने वापस कर दी है। रूपये वापस आने के बाद पीड़ित महिला ने खुशी जाहित करते हएु पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि ऑनलाइन ठगी की जा रही है, अतः इसके झांसे में ना आए। ठगी का शिकार होने पर तुरंत संबंधित बैंक को जानकारी दें, पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं।

संध्या निवासी श्रीनगर द्वारा ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके साथ ऑनलाइन पूजा पाठ करवाने के नाम पर 1.12 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी की गयी। जिस पर कोतवाली श्रीनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अथक प्रयासों से उक्त महिला के खाते में साइबर ठगी की शत प्रतिशत 1.12 लाख रुपये की धनराशि वापस करवाई गयी। पीड़िता को पैसे वापस मिलने की बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी, लेकिन शत प्रतिशत धनराशि वापस मिलने से पीड़िता ने पौड़ी पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना की। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति के कॉल और मैसेज से सावधान रहें और बिल्कुल भी लालच में न आएं, किसी को अपना ओटीपी और पिन शेयर ना करें, अंजान लिंक, ऑनलाइन जॉब्स आफर से सम्बन्धित लिंक पर क्लिक ना करें, अंजान क्यूआर कोड स्कैन ना करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही साइबर ठगी से बचा जा सकता है। कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो तत्काल नजदीकी थाना एवं साईबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें।

# डीजीपी ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉ. तनु मित्तल को किया सम्मानित



डीजीपी अशोक कुमार डॉ. तनु मित्तल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : मीडिया, सोशल मीडिया और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉ. तनु मित्तल को डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार द्वारा सम्मानित किया गया।

डॉ. तनु मित्तल उत्तराखंड पुलिस के साथ उत्तराखंड पुलिस ऐप, गौरा शक्ति ऐप और नशा मुक्ति पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कोरोना काल में भी उत्तराखंड पुलिस के साथ मिलकर सराहनीय कार्य किया था। डॉ. मित्तल उत्तराखंड पुलिस की ऐच्छिक ब्यूरो समिति की भी सदस्य हैं।

वह समय-समय पर महिला काउंसलिंग में प्रतिभाग करती है। उत्तराखंड पुलिस के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी डॉ. मित्तल समय-समय पर अपना योगदान देती है। डॉ. तनु मित्तल अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराती हैं। साथ ही छात्रों को जागरूक करती है। पौड़ी गढ़वाल जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने डॉ. मित्तल को सम्मानित होने पर शुभकामनाएं दी है।

## राइंकॉ सेंधीखाल की टीम रही तीसरे स्थान पर



नाटक की प्रस्तुति देते हुए राइंकॉ सेंधीखाल की टीम के सदस्य।

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तरी भारत नाट्य प्रतियोगिता 2023 का आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र नई दिल्ली में हुआ। जिसमें उत्तर भारत की 14 टीमों ने प्रतिभाग किया।

राजकीय इंटर कॉलेज सेंधीखाल की टीम ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय एवं राज्य का नाम रोशन किया। जनपद पौड़ी गढ़वाल से राजकीय इंटर कॉलेज सेंधीखाल की टीम ने शिक्षक दौलत सिंह गुसांई के मार्गदर्शक में श्री अन्न (मोटा अनाज) श्रेष्ठ आहार विषय पर नाटक प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में राइंकॉ सेंधीखाल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया। मार्गदर्शक शिक्षक दौलत सिंह गुसांई ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्तर भारत के सात राज्यों से 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक राज्य से चयनित सर्वश्रेष्ठ दो टीमों ने नाटक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

# गोविंदनगर और सिद्धबली क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वेटरन प्रीमियर लीग (केवीपीएल) के पांचवें दिन दो लीग मैच खेले गये। गोविंद नगर लायंस और लालपुर जिएंटस और सिद्धबली क्रिकेट क्लब ने मालिनी ब्रेवहेट क्लब को पराजित किया।

महादेव क्रिकेट ग्राउंड सत्तीचौड़ में पहला मैच गोविंद नगर लायंस और लालपुर जिएंटस के मध्य हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोविंदनगर की टीम ने निर्धारित 21 ओवर में 150 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लालपुर की टीम महज 116 रनो में ढेर हो गई। दूसरा मैच मालिनी ब्रेवहेट और सिद्धबली क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। मालिनी ब्रेवहेट की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 21 ओवर में 147 रन बनाए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिद्धबली की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 17 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। मैच का आंखों देखा हाल अभिषेक उप्रेती और प्रवीण थापा ने सुनाया। इस मौके पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष रोहित बत्ता, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह रावत, सचिव प्रेम सिंह नेगी, हितेश, रॉबिन, निहाल और नवनीत समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# विद्यालय में विभिन्न पारम्परिक खेलों का आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अन्तर्गत महादेव सरस्वती शिशु-विद्या मन्दिर हाईस्कूल शोधरपुर कोटद्वार में शुक्रवार को खेल दिवस का आयोजन किया गया।

इस मौके पर कबड्डी, रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता के साथ ही कुर्सी, मेंढ़क, सुई तागा, बोरा, चम्मच, गुब्बारा दौड़ का आयोजान किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार केमनी ने खेलों के महत्व को बताते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन के अभिन्न अंग है। खेलों से ही हमारा पूर्ण विकास होता है। हम अपने पारम्परिक खेलों से दूर होते जा रहे हैं और आधुनिक खेलों को ही महत्व दे रहे हैं। आधुनिक खेलों के साथ-साथ अपनी संस्कृति से जुड़े खेलों को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में समस्त आचार्य व अभिभावक उपस्थित रहे।



कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए छात्र-छात्राएं।

# भैलो खेलकर मनाया लोकपर्व इगास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अभ्युदय परिवार द्वारा लोक पर्व इगास धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने भैलो खेला। कार्यक्रम में महिलाओं ने लोकगीत, लोकनृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी।

महिलाओं ने लोकगीत, लोकनृत्य के माध्यम से इगास पर्व के महत्व को लोगों को समझाया। इगास पर्व भैलो की रोशनी में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुसुम रावत ने कहा कि इगास पर्व लैंसडौन में प्रथम बार मनाया जा रहा है, जिससे लोगो में काफी उत्साह है। उन्होंने इगास पर्व मनाने के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक भावना वर्मा ने कहा कि हम कहीं ना कहीं अपने पर्व को भूलते जा रहे। इस प्रकार पर्व मनाकर हम अपनी परम्परा को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं तथा इसको भावी पीढ़ी तक पहुंचा रहे है। उन्होंने कहा कि अभी प्रथम बार इगास पर्व मनाया गया, हमारा प्रयास है जितने भी उत्तराखंडी लोकपर्व को अभ्युदय परिवार की ओर से धूमधाम से मनाया जाएगा। राजेश्वरी नेगी ने कहा हमको दीपावली का पर्व पटाखों के साथ नहीं भैलो के साथ खेलकर मनाना चाहिए।



## इंटीग्रेटेड बीएड प्रोग्राम की फीस में कटौती की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में संचालित हो रहें इंटीग्रेटेड बीएड प्रोग्राम की भारी भरकम फीस लिये जाने पर आइसा छात्र संगठन ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। इस संदर्भ में आइसा छात्र संगठन ने गढ़वाल विवि के कुलसचिव डा. धीरज शर्मा को ज्ञापन प्रेषित कर इंटीग्रेटेड बीएड की फीस पर कटौती किए जाने की मांग की है। शुक्रवार को पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष रोबिन असवाल के नेतृत्व में छात्र गढ़वाल विवि के कुलसचिव से मिले।

इस दौरान रोबिन असवाल ने कहा कि गढ़वाल विश्वविद्यालय में पहली बार आईटीईपी कार्यक्रम शुरू किया है, लेकिन इसके प्रथम वर्ष की फीस 20 हजार रूपये रखी गई है। केंद्रीय विवि होने के बाद भी इतनी भारी भरकम फीस से छात्रों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

# हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा पहुंची खटीमा




रुद्रपुर। खटीमा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हथकरघा विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, आयुष्मान भारत, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, नाबार्ड, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, इत्यादि विभागों ने स्टॉल लगाए। विकासखंड खटीमा की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर भुड़िया में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मोहम्मदपुर भुड़िया के 142 ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों को समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे आत्मायोजना, केसीसी और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएमकेएसवाई योजना, पीएम उज्ज्वला आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामपंचायत मोहम्मदपुर भुड़िया में तीन कृषकों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव साझा किया। इच्छुक लाभार्थियों के उज्ज्वला योजना कार्ड भी बनाए गए। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी अजय कुमार अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान एवं ग्राम पंचायतवार नियुक्त नोडल अधिकारी इमरान खान, कार्यक्रम को उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह ने संबोधित किया और लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई।

# शांतिपुरी में अतिक्रमण पर चोट, दुकान—मकानों पर चली जेसीबी

रुद्रपुर। पुलिस प्रशासन, लोक निर्माण विभाग व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को अभियान चलाकर अतिक्रमण के दायरे में आ रहे करीब 60 प्रतिशत दुकान, मकान और चहारदीवारी को ध्वस्त कर दिया। अभियान के दौरान छिटपुट विरोध के अलावा अधिकांश ग्रामीणों ने प्रशासनिक टीम का अतिक्रमण हटाने में खुलकर सहयोग किया।

शांतिपुरी और जवाहर नगर में सड़कों पर अतिक्रमण के मामले में शांतिपुरी नंबर एक निवासी पूरन सिंह चौहान द्वारा नैनीताल हाईकोर्ट में लगाई गई पीआईएल के बाद लोक निर्माण विभाग और तहसील प्रशासन लगातार नोटिस जारी कर ग्रामीणों को अतिक्रमण खाली करने के लिए कह रहा था। इस पर कुछ ग्रामीणों ने स्वयं अपने अतिक्रमण को तोड़कर सरकारी जगह खाली कर दी है।

वहीं करीब 60 प्रतिशत अतिक्रमण को शुक्रवार को पहुंची लोक निर्माण विभाग व तहसील प्रशासन की टीम ने भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल के साथ दुकान, मकान और चहारदीवारी को ध्वस्त कर दिया। वहीं तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने के कारण कुछ लोगों को अगले दो-चार दिनों में अपनी व्यवस्था कर अतिक्रमण को स्वयं हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है।

> लोक निर्माण विभाग ने अपने नक्शे के अनुरूप जिन स्थानों को अतिक्रमण में चिह्नित किया है, उसमें से करीब 60 फीसदी जगह अतिक्रमण मुक्त करा दी गई है। जबकि शेष पर अभी डिमार्केशन एवं नोटिस जारी करने का कार्य तेजी से जारी है। जो भी अतिक्रमण के दायरे में आएगा, उसे हर हाल में हटाया जाएगा।
>
> —गिरीश चंद्र त्रिपाठी, तहसीलदार किच्छा।

इस दौरान शांतिपुरी नंबर तीन व चार में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण तोड़े जाने का विरोध किया गया। बगैर नोटिस के अतिक्रमण तोड़ने की बात भी कही, लेकिन अधिकारियों के समझाने पर वह भी अतिक्रमण हटाने के लिए राजी हो गए। शुक्रवार को शांतिपुरी नंबर एक, शांतिपुरी नंबर दो, शांतिपुरी नंबर तीन व शांतिपुरी नंबर चार में करीब 60 फीसदी चिह्नित अतिक्रमण को प्रशासनिक टीम ने तोड़ दिया है।

जबकि शेष कुछ स्थानों पर डिमार्केशन और नोटिस जारी करने की कार्यवाही अभी भी जारी है। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के एई प्रकाश लाल, कोतवाल आरएस डांगी, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, पटवारी मीनाक्षी गोस्वामी समेत पुलिस और पीएसी के जवान मौजूद रहे।

## एक नजर

### रावत के जन्म दिन पर रक्तदान किया

हल्द्वानी। कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के 65वें जन्मदिन पर शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा व ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत की मौजूदगी में काशी चेरिटेबल ब्लड बैंक की टीम के नेतृत्व में शिविर का शुभारंभ किया गया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सादगी से जन्मदिन मनाते हुए कांग्रेस नेता को शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु होने की कामना की। रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं ने कुल 42 यूनिट रक्त इकट्ठा किया।

इस दौरान पूर्व सांसद महेंद्र पाल सिंह, युकां प्रदेश महासचिव राहुल नेगी, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव नजाकत अली, मनोज नेगी, ललिता उपाध्याय, विमला आर्या, मीमांशा आर्य, पुष्पा बेलवाल, कैलाश त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

### एसएसपी ने किए 57 सिपाहियों के ट्रांसफर

हल्द्वानी। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने जिले के अलग-अलग थाना-चौकियों में तैनात 57 सिपाहियों के ट्रांसफर कर दिए हैं। इनमें कुछ सिपाही ऐसे भी शामिल हैं जो कई वर्षों से एक ही जगह टिके हुए थे। बीते साल ही बने थाने खनस्यूं में भी पांच सिपाहियों को भेजा गया है।

छह सिपाही ऐसे हैं जिन्हें चौकी थानों से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। एसएसपी कार्यालय की ओर से जारी लिस्ट के अनुसार हल्द्वानी स्थित मीडिया सेल में तैनात सिपाही सुबोध कुमार और संजय कुमार को लालकुआं थाना भेजा है। वहीं सिपाही टीकाराम को भीमताल, विनोद कुमार, कमल धानिक, रमिता राणा व जीवंती गौड़ को काठगोदाम, समरजीत कौर, रेनू तिवारी, दीपक कठायत, जय लाल, पवन कांबोज, बलवंत सिंह को मुखानी, हेम चंद डालाकोटी, रमा जोशी, नरेंद्र गिरी, लक्ष्मी वर्मा को वनभूलपुरा में नई तैनाती दी है। नवीन कुमार, दीपक सिंह, दिनेश बिष्ट को हल्द्वानी कोतवाली भेजा है। रुचि दत्ता, रेनू, कृष्णपाल सिंह, शबनम, प्रकाश नैनवाल को कालाढूंगी, कमला गोस्वामी, कमल कुमार, महावीर राणा, गोविंद सिंह, अनिल राणा, व प्रकाश सिंह को पुलिस लाइन भेज दिया है।

# संगणक ड्यूटी को लेकर शिक्षक और प्रशासन आमने—सामने

हल्द्वानी(आरएनएस)। स्थानीय निकाय निर्वाचन की ड्यूटी को लेकर प्राथमिक शिक्षक और प्रशासन आमने-सामने आ गए हैं। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ वोटर लिस्ट तैयार करने के काम का विरोध कर रहा है। जिसके चलते प्राथमिक शिक्षक संगणक ड्यूटी करने को तैयार नहीं है। वहीं, दूसरी तरफ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने ड्यूटी से गायब चल रहे संगणकों को 24 घंटे के अंदर ड्यूटी पर वापस लौटने का अल्टीमेटम दिया है। इधर, प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) नैनीताल को ज्ञापन भेजकर संगणक ड्यूटी निरस्त करने को कहा है।

**वोटर लिस्ट तैयार करने का दिया है काम:**

निकाय चुनाव के लिए नगर निगम के 60 वार्डों में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, अधिकारियों और शिक्षकों की बतौर संगणक ड्यूटी लगाई गई है। पूर्व में जारी सूची के अनुसार विद्यालयी शिक्षा विभाग के शिक्षक, लिपिक, आईटीआई के अनुदेशक, लिपिक समेत नलकूप खंड, सिंचाई विभाग, लोनिवि, एनएच, वन विभाग, वन विकास निगम से भी अफसर-कर्मचारी इस ड्यूटी में हैं। हल्द्वानी विकासखंड के प्राथमिक स्कूलों में तैनात 130 से अधिक सहायक अध्यापक भी शामिल हैं।

**संघ ने आरटीई एक्ट के उल्लंघन का लगाया आरोप:**

शिक्षक संघ की नैनीताल इकाई की ओर से डीईओ बेसिक को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) एक्ट, 2009 की धारा-27 के अनुसार शिक्षकों की जनगणना, आपदा राहत कार्य, स्थानीय निकाय, विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मतदान और मतगणना प्रक्रिया के अलावा किसी अन्य कार्य में ड्यूटी नहीं लगाई जा सकती है। लेकिन स्थानीय प्रशासन ने नगर निकाय निर्वाचन के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य करवाने के लिए संगणक में शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी है।

**विभाग को कार्रवाई के लिए की जाएगी संस्तुति:**

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ऋचा सिंह ने सभी सुपरवाइजर से उन संगणकों की लिस्ट मांगी है जो ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे हैं। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी संगणक 24 घंटे के अंदर अपने कार्य में उपस्थित नहीं होते हैं उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने को उनके विभागों को लिखा जाए। निर्वाचन कार्य न करने वाले कार्मिकों पर निर्वाचन संबंधी नियमों के तहत कार्रवाई भी की जाएगी।

शिक्षकों की संगणक ड्यूटी लगाने से स्कूलों में पढ़ाई बाधित होना तय है। जिससे नौनिहालों का भविष्य अधर में लटक जाएगा। 28 और 29 नवंबर को मासिक परीक्षा व इसके बाद वार्षिक परीक्षा भी करानी है। संघ लगातार शासन-प्रशासन और सरकार से मांग करता आ रहा है कि शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अलावा अन्य गैर शैक्षणिक कार्य में न लगाया जाए।

## सोशल मीडिया पर भद्दे कमेंट करने का आरोप

काशीपुर। एक व्यक्ति ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर एक व्यक्ति पर उसकी पत्नी के साथ मिलकर उसकी निजी जीवन की जानकारी को भद्दे-भद्दे कमेंट व आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया फेसबुक पर सार्वजनिक करने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आईटीआई थाना क्षेत्र के जसपुर खुर्द निवासी बृजमोहन पुत्र स्व. यशपाल ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर के न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ीनेगी निवासी सुरेश कुमार पुत्र मंगली सिंह उसकी पत्नी के साथ मिलकर अपनी फेसबुक आईडी से उसकी निजी जीवन की जानकारी को भद्दे-भद्दे कमेंट व आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया पर सार्वजनिक कर रहा है। जब उसने फेसबुक आईडी से कमेंट हटाने के लिए कहा तो वह गाली गलौज करने लगा। 16 जून 2023 को रात्रि करीब 10 बजे आरोपी सुरेश कुमार ने उसके मोबाइल पर धमकी दी कि यदि मेरे और पूनम के बीच आया तो मैं और पूनम तुझे झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवा देंगे।

## पिकअप की टक्कर से मासूम की मौत

हल्द्वानी। बीते गुरुवार शाम कोतवाली से चंद कदम दूर एक पिकअप वाहन की चपेट में आने से नौ साल के बच्चे की मौत हो गई।

शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पिकअप को कब्जे में लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार वनभूलपुरा ढोलक बस्ती निवासी सिमरत (9) पुत्र मोहताब गुरुवार शाम कोतवाली क्षेत्र के पास अपने परिजनों के साथ आया हुआ था।

को-ऑपरेटिव बैंक के पास सिमरत पिकअप वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसएसआई महेंद्र राज ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया।

पिकअप चालक रानीखेत से अपनी बहन की शादी का सामान छोड़ने हल्द्वानी आया था। वापस लौटते समय हादसा हुआ। अभी पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

रुद्रपुर। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने वीरेंद्रनगर, गोठा, बिथाअकबर, नकटपुरा, सरकड़ा में सड़कों व विधायक निधि से हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कराया। कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक सौरभ बहुगुणा ने शुक्रवार को ग्रामसभाओं का दौरा किया। विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़कों और पूर्ण हो गए विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। गांवों में आयोजित सभाओं में कैबिनेट मंत्री ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिए योजनाएं बनाई हैं। स्वरोजगार से जोड़ने के लिए तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने विभागों के अफसरों से कहा कि मत्स्य पालन, बकरी पालन, दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर स्वरोजगार के लिए लोगों को जोड़ें। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया। मंत्री बहुगुणा ने विधायक निधि से वीरेंद्रनगर में काली मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए तीन लाख रुपये देने की घोषणा की। अन्य गांवों में भी ग्रामीणों की मांगों पर समाधान का भरोसा दिया। यहां कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, राज्य हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद, सभासद पंकज रावत, विजय यादव, दलसिंगार, बलविंदर सिंह मौजूद रहे।



# स्मारक और राष्ट्रीय महत्व के स्थानों का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य : डॉ. नारायण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर गढ़वाल : इंडियन ट्रस्ट फॉर रूरल हेरिटेज एंड डेवलपमेंट गढ़वाल क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता डॉ. योगेन्द्र नारायण पूर्व महासचिव राज्यसभा एवं कुलाधिपति गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय धरोहरों को दो रूप से खतरा है एक खतरा मनुष्य के हस्तक्षेप से व दूसरा जलवायु परिवर्तन से।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 49 और मूल कर्तव्य में भी स्मारक तथा राष्ट्रीय महत्व के स्थानों का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है तथा अपने कर्तव्य का पालन करते हुए हम विरासत स्थल को संरक्षित कर सकते हैं।

ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र नारायण ने कहा कि गढ़वाल की ऐतिहासिक विरासत में जैसे ऐतिहासिक भवन, गीत, वाद्य यंत्र, कला, शिल्प, संस्कृति आदि का संरक्षण करना हर नागरिक का कर्तव्य है क्योंकि अपनी ऐतिहासिक विरासत का संरक्षण करना हमारा राष्ट्रीय फर्ज है। गढ़वाल हेरिटेज क्लब एक ऐसा क्लब है जिसमें हम अपने गढ़वाल के ऐतिहासिक भवन, विरासत, सांस्कृतिक परंपरा, गीत, लोक कलाएं, हस्त शिल्प आदि का संरक्षण करके उनको एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। इन विरासतों के संरक्षण करने के लिए सीएसआर फंड देगी। जिससे हम इन विरासतों को आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर सकते हैं। डॉ. नारायण ने बताया कि विरासत दो प्रकार की होती हैं मूर्त और अमूर्त, मूर्त में वह विरासतें आती हैं जिनको हम छू सकते हैं देख सकते हैं तथा अमूर्त में गीत, कला, शिल्प आदि को सम्मिलित कर सकते हैं। इससे पूर्व प्रोफेसर एम.एम. सेमवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामीण विरासत का संरक्षण और पोषण सतत विकास के आधार की नींव हैं। कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य हमारे पारंपरिक विरासत का दस्तावेजीकरण कर उनका संरक्षण करना तथा आम जनमानस के बीच इन विरासतों के प्रति जागृति को उत्पन्न करना है। जिससे हमारी धरोहरें सुरक्षित रहें। बैठक में प्रोफेसर यूसी गैरोला, डॉ. देवकृष्ण, डॉ. मनीष मिश्रा, डॉ. राखी पंचोला, डॉ. नागेन्द्र, डॉ. मीना सेमवाल, मनीष, आयुषी, विदुषी, सीता रमोला, दीपक, मंयक, अंकित, अनिल सैनी आदि उपस्थित थे।



# स्वतन्त्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष और बलिदान को याद किया

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में जन जातीय गौरव दिवस पर स्वतन्त्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष और बलिदान को याद किया गया।

विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण बोर्ड ने एसीएल सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश के अमृतकाल में आजादी के कई महापुरुषों के योगदान को याद करने की पहल भारत सरकार से की है, बिरसा मुंडा को समर्पित जन जातीय दिवस इसी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता की सशक्त क्रान्ति में बिरसा मुंडा और जनजातीय समाज का अहम योगदान रहा है। स्वतन्त्रता के लिए उनका प्रतिरोध ब्रिटिश शासन के लिए चुनौती बना ऐसे में उनके जन्मदिवस को उत्सव के रूप में मनाना एक सार्थक पहल है। इस अवसर पर गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि जन जातीय दिवस बहादुर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को भी समर्पित है ताकि भावी पीढ़ियां देश के खातिर उनके बलिदान के बारे में जान सकें।

इस अवसर पर मुख्य मानविकी विज्ञान विभाग की संकायध्यक्ष प्रो. हिमाशु बोड़ाई, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम सेमवाल, डा. देवेन्द्र सिंह ने बिरसा मुंडा के जीवनवृत, देश के लिए उनके योगदान एवं जन जातीय गौरव दिवस की प्रासंगिकता पर अपने वक्तव्य रखे।

कार्यक्रम का संयोजन डा. महेन्द्र बाबू ने किया। कार्यक्रम में उप अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. आरएस पाण्डेय ने उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर डा. नरेश कुमार, डा. कपिल पंवार, डा. रोहित महर सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# रूद्रप्रयाग में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुरू

रूद्रप्रयाग : जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह एवं रूद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी द्वारा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले कार्यक्रम में रूद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने मौजूद लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ संपूर्ण भारत में जनजातीय बाहुल्य जनपदों से 15 नवंबर से तथा सामान्य जनपदों से 23 नवंबर से किया जा रहा है। यात्रा में विकसित भारत संकल्प रथ के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी और योजनाओं का लाभ लेने को आम जनता को जागरूक भी किया जाएगा। इस मौके पर जिपं अध्यक्ष अमरदेई शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश विकास की राह पर बढ़ रहा है। रूद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनपद में प्रति विकासखंड में प्रचार प्रसार रथ गांव-गांव तक भ्रमण करेगा। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि यात्रा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा जनपद स्तर से लेकर विकासखंड स्तर, न्याय पंचायत स्तर और ग्राम पंचायत स्तरों तक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस मौके जिपं सदस्य भारत भूषण भट्ट, डीडीओ अनीता पंवार, परियोजना अधिकारी विमल कुमार, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल, कृषि अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, अधिशासी अधिकारी सुशील कुरील, जिला युवा कल्याण अधिकारी शरत सिंह भंडारी, जिला व्यापार संघ महामंत्री चंद्रमोहन सेमवाल, सभासद सुरेंद्र रावत विकास डिमरी, भूपेंद्र बिष्ट सहित कई अधिकारी कर्मचारी एवं जनता मौजूद थी। (एजेंसी)

# मजदूरों को सुरंग से निकालने का मिशन लगातार 13वें दिन रहा जारी

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 41 मजदूरों को सुरंग से निकालने का मिशन लगातार 13वें दिन जारी है। अब भी मजदूर को निकालने के लिए मलबे में 15 मीटर सुराख करके पाइप बिछाने का काम बाकी है। इस बीच नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने इस मिशन को बेहद मुश्किल बताते हुए इसकी तुलना किसी युद्ध से की है। लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिलक्यारा सुरंग को लेकर मीडियो को अपडेट किया। उन्होंने कहा, 'यह बहुत मुश्किल ऑपरेशन है, बहुत चुनौतीपूर्ण है। यह किसी लड़ाई से कम नहीं है। यह भारत की संतानों को बचाने की जंग है जो पहाड़ों में मेहनत कर रहे हैं। भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई ऐसी चीज ना रहे, कोई संसाधान ऐसा ना बचे कि जिसकी जरूरत हो और उपलब्ध ना हो।'

हसनैन ने कहा कि पाइप की वेल्डिंग के बाद ऑगर का दोबार इस्तेमाल किया जाएगा और इसमें थोड़ा वक्त लगेगा। उन्होंने आगे के मिशन को लेकर कहा, 'अच्छी बात यह है कि ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार का इस्तेमाल किया गया जो एक कंपनी ने उपलब्ध कराई है। इसकी काबिलियत है कि मलबे में पांच मीटर तक धातु का पता लगा सके। इससे पता चला है कि अगले पांच मीटर में कोई अड़चन नहीं है। उसके बाद फिर रडार से आगे पांच मीटर की जांच की जाएगी। यह बहुत टेक्निकल चीज है, बहुत सावधानी से ऑपरेशन किया जा रहा है।' उन्होंने मीडिया को इस तरह की ब्रेकिंग ना चलाने की नसीहत दी कि काम पूरा होने ही वाला है।

गौरतलब है सुरंग में करीब 50-60 मीटर तक मलबे का ढेर है, जिसके पीछे 41 मजदूर फंसे हुए हैं। मलबे के बीच ऑगर मशीन के जरिए 900 एमएम की पाइपलाइन बिछाई जा रही है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा सन् 2013 में अनुक्रमांक 0078219 से एवं सन् 2015 में इण्टरमीडिएट की परीक्षा अनुक्रमांक 15204936 राजकीय इंटर कॉलेज बगवाडी जिला पौड़ी गढ़वाल से संस्थागत छात्र के रूप में उत्तीर्ण की। मेरी हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये है।

**सुरेश सिंह पुत्र श्री दर्शन सिंह निवासी ग्राम बगवाडी, पट्टी चोपडाकोट, तहसील थलीसैंण, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


# जनता और अधिकारियों के बीच कार्यकर्ता सेतु का काम करेंगे



चमोली : नगर पालिका सभागार में आयोजित भाजपा नगर मंडल की बैठक में विकास सकंल्प यात्रा में कार्यकर्ताओं के पूरे मनोयोग से सिरकत करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि लोगों की समस्याएं हल करने के लिए कार्यकर्ताओं को काम करना चाहिए। शुक्रवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली ने कहा कि जनता और अधिकारियों के बीच भाजपा कार्यकर्ता सेतु का काम करेंगे। कहा कि विकास संकल्प यात्रा में जहां 22 विभागों के अधिकारी जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाएं बताएंगे। वहीं लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निस्तारण के प्रयास करेंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं के आवेदन भी लिए जाएंगे। चमोली ने पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने और जनता को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाए जाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रयास करने की अपील की। बैठक में कार्यक्रम के प्रभारी गैणा सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश शाह, शक्ति केंद्र के संयोजक संजय डिमरी, उपाध्यक्ष आलम सिंह पंवार, चेतन मनोड़ी, अरविंद गुसाईं, यासीन खान, आशा डिमरी, सरोज हटवाल, मधु रावत, कृष्णा सेमवाल, पूनम खंडूड़ी, जिला मंत्री ममता राणा, मनोरमा नैनवाल, राजेंद्र रावत, अरूण सेमवाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)


## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 2 एस.एल.आर.: 19020 (F-I), 18478 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 08.12.2023 (Timings : 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलग्न कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध है।

3715/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

टेन्डर नं.DEN-IV/Publication/23 दिनांक: 24.11.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेन्डर संख्या | 222-DRM-MB-23-24, Dt. 23.11.2023 | | |
| कार्य का नाम | Complete turnout renewal by T-128 machine and allied miscellaneous track work under DEN/IV/MB. Chargeable to sanction estimate no. 136/2023 & 153/2023 (RRSK/SF). | | |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 19.12.2023 | टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 82,01,450.54 | धरोहर राशि | 1,64,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | बिडिंग आरंभ तिथि | 05.12.2023 |

3713/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# ईगास पर्व पर भैलो खेला और नृत्य किया

नई टिहरी : टिहरी जिले में ईगास पर्व धूमधाम से मनाया गया, लोगों ने घरों में पारंपरिक पहाड़ी पकवान बनाकर एक दूसरे को भेंट किये। वहीं भिलंगना ब्लॉक में ईगास पर्व पर लोगों ने भैलो खेला और ढोल दमाऊ की थाप पर नृत्य किया। बीते गुरुवार को टिहरी जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ईगास दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नई टिहरी स्थित आरएसएस कार्यालय में भैला खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बौराड़ी में राज्य आंदोलकारी मंच की ओर मंच के महासचिव किशन सिंह रावत के घर पर ईगास बग्वाल के गीत गाये गये। देर शाम को राज्य आंदोलकारी मंच और विभिन्न संगठनों के लोगों बौराड़ी स्टेडियम में भैले खेले, वहीं बच्चों ने भी ईगास पर्व ने आतिशबाजी की। न्यू टिहरी प्रेस क्लब की ओर से ईगास पर्व पर भैला खेलों का कार्यक्रम आयोजन किया गया। ईगास पर्व पर लोगों ने घरों में उड़द की दाल के पकाड़े और स्वाले बनाये। उधर भिलंगना ब्लाक में ईगास पर्व धूमधाम से मनाया गया, लोगों ने जमकर भेलो खेले व घरों में पहाड़ी पारम्परिक व्यंजन बनाकर नाते रिस्तेदारों को बांटे। दीपावली पर्व के 11 दिन बाद मनाए जाने वाले ईगास बग्वाल को बूढ़ी दीवाली के नाम से भी जाना जाता है,


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल संकेत एव दूरसंचार अभि./उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत (रु.) | अग्रिम धन (रु.) | निविदा फॉर्म की लागत (रु.) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 33-SIG-SNT-MB-KXK-22-23 रिमोडलिंग ऑफ KXK यार्ड इन कनेक्शन विथ एडिशनल लूप लाइन एंड HL PF | 93,45,568.55 | 1,86,900.00 | Nil | 18.12.2023, 15:00 बजे |

नोटः- निविदा का पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: 33R-SIG-SNT-MB-KXK-22-23 दिनांक: 23.11.2023 3689/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# डिसइन्फ्लेशन की गिरफ्त में

हालिया सरकारी आंकड़ों के मुताबिक आम मुद्रास्फीति दर अब काबू में आ गई है, लेकिन कृषि और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दर क्रमशः 7.08 और 6.92 प्रतिशत के उंचे स्तर पर बनी हुई है। इस परिघटना को डिसइन्फ्लेशन के रूप में समझा जा रहा है। इन्फ्लेशन (मुद्रास्फीति) और डिफ्लेशन (मुद्रा संकुचन) आर्थिक चर्चाओं में अक्सर आने वाले शब्द हैं। लेकिन हाल में इससे संबंधित एक नया शब्द डिसइन्फ्लेशन चर्चित हुआ है। ऐसा इसलिए हुआ है कि क्योंकि कुछ ऐसी नई स्थितियां बनी हैं, जिन्हें उपरोक्त दो शब्दों से समझना कठिन हो गया है। इन्फ्लेशन वह स्थिति होती है, जब मांग की तुलना में सामग्रियों की कम आपूर्ति के कारण चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। वैसे कई बार कंपनियां अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए बाजार पर अपने एकाधिकार का इस्तेमाल कर भी अनुचित रूप से दाम बढ़ाती हैं, जैसाकि कोरोना महामारी के बाद लगभग पूरी दुनिया में देखने को मिला है। डिफ्लेशन वह स्थिति होती है, जब मांग से अधिक आपूर्ति के कारण चीजों के दाम गिर जाते हैं। उपभोक्ताओं की वास्तविक आय घटने की स्थिति में अक्सर ऐसा होता है। डिसइन्फ्लेशन वह स्थिति है, जब हेडलाइन इन्फ्लेशन (मुद्रास्फीति की कुल दर) घट जाती है, लेकिन आम लोगों के उपभोग वाली वस्तुएं फिर भी महंगी बनी रहती हैं।

भारत में अभी यही स्थिति पैदा हो गई है। हालिया सरकारी आंकड़ों के मुताबिक आम मुद्रास्फीति दर अब काबू में आ गई है, लेकिन कृषि और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दर क्रमशः 7.08 और 6.92 प्रतिशत के उंचे स्तर पर बनी हुई है। स्थिति तरह खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति दर 8.42 प्रतिशत तक बनी हुई है। अलग–अलग राज्यों के इन आंकड़ों में भी अंतर है। यानी कुछ राज्यों में अन्य राज्यों की तुलना में आम उपभोग वाली चीजों की महंगाई अधिक तेजी से बढ़ रही है। और ऐसा लंबे समय से बना हुआ है। जाहिर है, कुल मुद्रास्फीति दर देश में महंगाई की असल सूरत जानने का सही पैमाना नहीं रही है। अभी हाल में यह ट्रेंड अमेरिका जैसे विकसित बाजारों में भी देखने को मिला है। इसीलिए डिसइन्फ्लेशन को इस समय की एक बड़ी परिघटना माना जा रहा है। भारत में भी इस पहलू पर अधिक रोशनी डालने की जरूरत है। वरना, तमाम वित्तीय एवं मौद्रिक नीतियां हेडलाइन इन्फ्लेशन को देखकर बनाई जाती रहेंगी, जिसका बुरा असर कम आय वर्ग वाले देश के आम जन पर पड़ेगा।

# स्थानीय आरक्षण की बहस क्या अब खत्म होगी?

**अजीत द्विवेदी**

हरियाणा में स्थानीय लोगों के लिए निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 फीसदी सीटें आरक्षित करने के राज्य सरकार के कानून को पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। हाई कोर्ट ने इस ममले में बहुत स्पष्ट और दो टूक फैसला सुनाया है। पहले 2022 में भी अदालत ने इस कानून पर रोक लगा दी थी लेकिन तब मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया था और सर्वोच्च अदालत ने हाई कोर्ट को निर्देश दिया था कि वह विस्तार से सुनवाई करके गुण–दोष के आधार पर इस कानून के बारे में फैसला सुनाए। सो, हाई कोर्ट के दो जजों की बेंच ने विस्तार से यह मामला सुना और 83 पन्नों का फैसला लिखा। अदालत ने संविधान के कई अनुच्छेदों के हवाले से इस कानून को भेदभाव वाला बताते हुए खारिज कर दिया। बिल्कुल इसी तरह आंध्र प्रदेश सरकार ने भी स्थानीय लोगों के लिए 75 फीसदी आरक्षण का कानून बनाया था। उस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की टिप्पणी थी कि यह कानून असंवैधानिक हो सकता है। लेकिन गुण–दोष के आधार पर उसके बारे में अंतिम फैसला नहीं आया है। कई और राज्यों में सरकारें इस तरह के कानून की तैयारी कर रही हैं क्योंकि सत्तारूढ़ दलों ने चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा वादा किया हुआ है। तभी पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले के बाद यह सवाल उठता है कि क्या अब स्थानीयता के आधार पर निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण देने की बहस स्थायी तौर पर समाप्त हो जाएगी?

असल में हरियाणा की भाजपा सरकार को समर्थन दे रहे उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की पार्टी ने चुनाव में वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी सरकार में आती है तो हरियाणा के स्थानीय युवाओं के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों में आरक्षण का कानून बनाएगी। 2019 के अंत में सरकार बनने के तुरंत बाद उप मुख्यमंत्री ने इस वादे को पूरा करने के लिए कानून बनाने की पहल की और एक साल पूरा होने पर नवंबर 2020 में कानून बना दिया गया। इसमें प्रावधान किया गया कि निजी क्षेत्र में 30 हजार रुपए मासिक वेतन से कम वाली नौकरियों में 75 फीसदी नौकरियां हरियाणा के स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित की जाएंगी। मार्च 2021 में राज्यपाल ने इस बिल को मंजूरी दी और 2022 की जनवरी से यह कानून लागू हो गया।हरियाणा सरकार के इस कानून के मुताबिक राज्य में काम करने वाली हर तरह की निजी संस्था को इसके दायरे में रखा गया। सिर्फ उद्योग नहीं हर तरह की कंपनियां, संस्थाएं, ट्रस्ट, पार्टनरशिप फर्म, जिनके कर्मचारियों की संख्या 10 या उससे ज्यादा है उनको इसके दायरे में रखा गया। इतना ही नहीं इस कानून की धारा छह में यह प्रावधान किया गया कि कंपनियों के लिए जरूरी होगा कि वे हर तीन महीने पर अपनी रिपोर्ट सरकार को जमा करें, जिसमें बताएं कि कितने स्थानीय लोगों को नौकरी दी गई। कानून की धारा आठ के तहत संबंधित अधिकारियों को अधिकृत किया गया कि वे कंपनियों से उनके रिकॉर्ड मांग कर चेक कर सकते हैं कि कंपनियां कानून का पालन करके स्थानीय लोगों को नौकरी दे रही हैं या नहीं। कानून की धारा 20 के तहत यह प्रावधान किया गया कि ह्यअच्छी मंशाह्ण से काम कर रहे किसी अधिकारी के खिलाफ इस मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं शुरू की जा सकती है।

कानून के प्रावधानों को देख कर पहली नजर में पता चल जाता है कि राजनीतिक या चुनावी वादा पूरा करने के लिए एक ऐसा कानून बनाया गया है, जिसे संविधान के दायरे में लागू करना मुश्किल होगा। पहली नजर में यह कानून संविधान के कई प्रावधानों के विरूद्ध दिखाई देता है। यह अवसर की समानता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है। नागरिकों के समानता के सिद्धांत के खिलाफ दिखता है। भारत का संविधान देश के नागरिकों को देश के किसी भी हिस्से में जाकर नौकरी करने या रोजगार करने का अधिकार देता है। नागरिकों से यह अधिकार नहीं छीना जा सकता है। यह निजी उद्यमियों के अपने कारोबार के लिए योग्य लोगों को नियुक्त करने के अवसर को कम करता है।

इसी आधार पर हरियाणा सरकार के इस कानून को अदालत को चुनौती दी गई थी। फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और राज्य के अन्य उद्योग समूहों ने इस कानून को चुनौती दी। कानून के विरोध में याचिका देने वालों का कहना था कि यह कानून कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने यह दलील भी दी थी कि निजी सेक्टर की नौकरियां पूरी तरह से योग्यता, कौशल और काम को समझने की क्षमता के आधार पर दी जाती हैं। उसमें धरती पुत्र के नाम पर आरक्षण करने से कंपनियों या उद्योगों का काम प्रभावित होगा। उद्योग समूहों का यह भी कहना था कि निजी सेक्टर में क्षेत्र के आधार पर आरक्षण देना संविधान की संघीय भावना के विपरीत होगा। दूसरी ओर राज्य सरकार का कहना था कि संविधान में ही इस बात का प्रावधान है कि अगर सरकार को लगता है कि कोई खास समूह पिछड़ा है और नौकरियों में उसका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है तो नौकरियों में समानता के सिद्धांत के बावजूद वह आरक्षण की व्यवस्था कर सकती है।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने कानून के कई प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि यह कानून इंस्पेक्टर राज की बहाली का रास्ता बनाता है। अदालत ने यह भी कहा कि इस कानून के जरिए राज्य सरकार निजी सेक्टर की कंपनियों में नियुक्ति पर अपना संपूर्ण नियंत्रण चाहती है। इस आधार पर अदालत ने इस कानून को रद्द कर दिया। हालांकि यह मामला यही पर समाप्त नहीं होगा। राज्य सरकार इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। लेकिन हकीकत यह है कि हरियाणा सरकार की चुनौती मेरिट पर नहीं होगी, बल्कि अपना चेहरा बचाने के लिए होगी। चूंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के एक दल ने मतदाताओं से वादा किया था कि वह उनके लिए तीन–चौथाई नौकरियां आरक्षित कराएगा इसलिए उसकी मजबूरी है कि वह सर्वोच्च अदालत तक यह मामला ले जाए ताकि लोगों के बीच यह संदेश जाएगा कि पार्टी ने वादा किया था तो उसे पूरा करने का प्रयास भी किया। हालांकि वादा करने वाली पार्टी को भी पता है कि उसका वादा तर्कसंगत नहीं है। संविधान के अनुकूल नहीं है और न प्रतिस्पर्धा के मौजूदा दौर में निजी उद्यमों के लिए अच्छा है।

यह समझने की जरूरत है कि कंपनियां या उद्योग समूह राजनीतिक दलों के वादे पूरे करने का माध्यम नहीं बन सकती हैं। उनको अगर प्रतिस्पर्धा में टिके रहना है तो योग्य, कुशल व सस्ता मजदूर या पेशेवर चाहिए। यह सिर्फ हरियाणा का मामला नहीं है। किसी भी राज्य में कंपनियों या उद्योग समूहों को अगर देश के पिछड़े राज्यों, जैसे बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि से सस्ते और कुशल मजदूर मिल रहे हैं तो वह क्यों आरक्षण की नीति के तहत स्थानीय युवाओं को नियुक्ति करेंगे? तीन चौथाई स्थानीय युवकों को नियुक्त करने का एक नुकसान यह भी है कि वहां वे संगठित होकर प्रबंधन के उपर दबाव बना सकते हैं, जिससे कंपनियों के लिए स्वतंत्र फैसला करना मुश्किल हो जाएगा। मजबूरी में अकुशल लोगों को भी बनाए रखना होगा। तभी आंध्र प्रदेश से लेकर हरियाणा तक निजी सेक्टर में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण के कानून का विरोध हुआ है।

## आपके तकिये का कवर भी आपको कर सकता है बीमारी, जान लीजिए वो कैसा होना चाहिए

जब कोई व्यक्ति एकदम रिलैक्स और शांति के साथ आराम करना चाहता है तो उसके बिस्तर और तकिया से बेहतर कुछ भी नहीं हो सकता है. ये दोनों जितना आरामदायक होंगे इंसान को उतनी अच्छी नींद आएगी. लेकिन अगर आपको पता चले कि आपका तकिया आपकी बीमारी का कारण बन सकता है तो इस पर आप क्या रिएक्शन देंगे. आपको जानकर हैरानी होगी कि एक तकिया आपकी इम्युनिटी, मेंटल हेल्थ से लेकर पूरी लाइफस्टाइल तक को प्रभावित कर सकती है. हालांकि यह तकिया आपको सीधे तौर पर बीमार नहीं कर सकता है, लेकिन यह शारीरिक परेशानी और कई तरह की समस्याओं को बढ़ा जरूर सकता है.

**तकिया कुछ इस तरह से करता है बीमार**

जैसा कि आपको पता है अधिकांश लोग करवट लेकर सोना पसंद करते हैं, और इसके लिए वह गद्दे के बीच के अंतर को भरने और सिर को सहारा देने के लिए उचित ऊंचाई के तकिये का इस्तेमाल करते हैं.सही तकिये का उपयोग न करने पर सिर को सहारा नहीं मिल सकता है या नीचे की ओर झुक सकता है, जिससे संभावित रूप से गर्दन में दर्द, चक्कर आना और यहां तक कि ऊपरी अंगों में दर्द और सुन्नता हो सकती है.भले ही आप अपनी पीठ के बल सोते हों. सर्वाइकल स्पाइन की नैचुरल आकार को बनाए रखने के लिए तकिये का उपयोग करना महत्वपूर्ण है. हालांकि, अतिरिक्त मोटे तकिए का उपयोग करने से असुविधा, गर्दन में दर्द और यहां तक कि ऊपरी अंगों में सुन्नता और कमजोरी हो सकती है. ये प्रभाव मुख्य रूप से सर्वाइकल स्पाइन की असामान्य स्थिति के कारण होते हैं. जो आपके शरीर के आराम में प्रॉब्लम कर सकती है.

**खराब साइज का तकिया न रखें**

विशेषज्ञों की मानें तो खराब फिटिंग वाले तकिए से गर्दन और रीढ़ की हड्डी को सहारा मिलने के अलावा, इसमें धूल के कण, एलर्जी या यहां तक कि फफूंद भी जमा हो सकता है जो एलर्जी, अस्थमा या श्वसन संबंधी समस्याओं को ट्रिगर कर सकता है, जिससे बार–बार बीमारी हो सकती है. सोने की स्थिति के अनुरूप सही तकिया चुनना रात की अच्छी नींद के लिए और संभावित स्वास्थ्य समस्याओं, जैसे चक्कर आना और गिरने और संबंधित चोटों के जोखिम को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है.

**सही तकिया कैसे चुनें**

ऐसा तकिया चुनें जो आपके शरीर की प्राकृतिक आकृति के अनुरूप गर्दन और रीढ़ को उचित सहारा दे. मेमोरी फोम, लेटेक्स और फेदर तकिए लोकप्रिय विकल्प हैं जो विभिन्न प्राथमिकताओं को पूरा करते हैं. खरीदने से पहले तकिए को ठीक से चेक करें कि वह कितना ज्यादा आराम है. स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से बचने के लिए तकिये के खोल को हर 1–2 सप्ताह में धोएं और तकिए को हर 3–6 महीने में, उपयोग के आधार पर धोएं.

# ये चुनाव भी 24 बाद की बिसात!

**हरिशंकर व्यास**

मैं हैरान हूं। क्या अमित शाह, नरेंद्र मोदी या राहुल गांधी सभी भारत में राजनीति मिटा कर देंगे? भाजपा और कांग्रेस जैसी कथितपार्टियां पूरी तरह सर्वेयर टीमों की कठपुतलिया होंगी? कोई न माने इस बात को लेकिन नोट रखे कि 2024 में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के साथ भाजपा, संघ परिवार के नेता और कार्यकर्ता हर तरह से निराकार होंगे। इनकी राजनीति हर तरह से सर्वे एजेंसियों से डिक्टेट होगी। नेता केवल पैसा कमाएंगें, प्रधानमंत्री बनने के लिए बीस–तीस हजार करोड रू इक्ठे करेंगे और फिर सर्वेयर एजेंसियों को ठेके दे कर चुनाव लड़ेगे। सत्ता और पद पाएगें तथा राजनीति की संगठनात्मक, विचारात्मक, जीवंतता खत्म।ऐसे संभावी सिनेरियों का शुरूआती बिंदु मौजूदा विधानसभा चुनाव है। भाजपा का चुनाव पूरी तरह एक एएमआई एजेंसी से संचालित है। जो अकेले अमित शाह को रिपोर्ट करती है और उसकी ब्रीफिंग से फिर प्रदेश नेताओं, प्रदेश संगठन, वॉर रूमों, चुनावी रणनीति सबका हडका कर काम कराया जाता है।

हो सकता हूं मैं गलत हूं लेकिन चालीस साल कीसियासी आंखों देखी में आगे के ट्रेंड का लबोलुआब है कि मोदी–शाह ने 2023 के इन विधानसभा चुनावों को2024 के लोकसभा चुनाव के बाद की बिसात में ढाला है। इस भविष्यवाणी को नोट रखे कि विधानसभा चुनाव में कोई हारे–जीते अगला लोकसभा चुनाव वापिस नरेंद्र मोदी जीतेंगे। तब केंद्र में तीसरी बार सरकार के साथ बतौर मोदी के उत्तराधिकार में अकेले अमित शाह का सियासी कद होगा। तभी कल्पना करें यदि मौजूदा चुनावों में शिवराज सिंह चौहान, वंसुधरा राजे, रमन सिंह का चेहरा होता न कि नरेंद्र मोदी का तो हार–जीत के बावजूद क्या शिवराज और वंसुधरा का पार्टी में वजूद बना नहीं रहता? वे 24 के चुनाव बाद भी भाजपा के बड़े नेता बने रहते।मगर इस चुनाव में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह और अनुभवी महिला नेता के नाते वसुंधरा राजे की उपस्थिति नरेंद्र मोदी के बड़े चेहरे के आगे लुप्त होते हुए है। पिछले चार महिनों से इन पुराने नेताओं की अनुपयोगिता, अलोकप्रियता आदि का परस्पेशन बनवाते हुए मोदी–शाह ने राज्यों का चुनाव जैसे अपने हाथों में लिया है तो इससे चित और पट दोनों उनकी है। यदि भाजपा हारी तो ठिकरा शिवराज, वंसुधरा और रमनसिंह की करनियों पर। और यदि जीती तो नरेंद्र मोदी की वजह से और कांटे की फाइट हुई तो यह हल्ला कि मोदी–शाह नहीं होते तो इतना भी नहीं होता। कांग्रेस एकतरफा जीतती।

सो नोट रखे, नतीजों के बाद शिवराज, वंसुधरा, रमनसिंह एमएलए होते हुए भी हर्षवर्धन या उमा भारती की तरह हाशिए में, खत्म। भाजपा व संघ परिवार में उत्तर भारत के इन चेहरों का बतौर विकल्प हमेशा के लिए अर्थ खत्म।

लाख टके का सवाल है कि ऐसी बिसात बनी किस बहाने? सर्वे एजेंसी की रिपोर्टों से। मोदी–शाह द्वारा एएमआई एजेंसी का मनमाना उपयोग। जायज सवाल है कि नरेंद्र मोदी का अपना चेहरा दांव पर लगा कर विधानसभा चुनाव हराना भी तो रिस्की है? पर नहीं है। इसलिए क्योंकि यह हकीकत अपनी जगह है कि नरेंद्र मोदी का चेहरा बतौर प्रधानमंत्री उत्तर भारत के हिंदुओं में अवतार माफिक है। विधानसभा में लोग भले कांग्रेस को वोट दें लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी का चेहरा ही वोट पाएगा।

इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव से ठिक पहले और बाद में मोदी के बाद केलिए तैयार होते प्रधानमंत्री चेहरे की राजनीति में सब बदल रहा है।

# जिला प्रशासन के प्रयासों से 5 वर्षीय अरशद का अपने परिवार से हुआ पुनर्मिलन

देहरादून। 5 वर्षीय बालक जो 8 मई, 2023 को रूड़की में पाया गया था, वह बोलने या अपना नाम भी याद करने में असमर्थ था, को राजकीय शिशु निकेतन भेजा गया, जहां उसे उसे काउंसलर से परामर्श मिला और शिशु निकेतन के कर्मचारियों और परामर्शदाताओं की सहायता से, उसने धीरे-धीरे अन्य बच्चों के साथ घुलना मिलना और अपने बारे में जानकारी प्रदान करना शुरू कर दिया। जिला प्रशासन देहरादून के प्रयासों से अरशद , जो पिछले छह महीने से राजकीय शिशु निकेतन में रह रहा था, आखिरकार आज अपने परिवार से मिल गया। उसने खुलासा किया कि उसका नाम अरशद है, उसके भाई का नाम समीर है और उसकी बहन का नाम सोफिया है। उसने बताया कि उसके पिता नहीं हैं और उसके दादा का नाम अनीश है और वह शादियों में खाना बनाने का काम करते थे । उसने यह भी बताया कि वह इसी शहर में कहीं का रहने वाला और उनका एक घर नाले के किनारे है। संपूर्ण प्रयासों के बावजूद, जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अखबार की विज्ञप्ति के माध्यम से साझा





किया गया, बालक के परिवार का पता लगाना चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। 23 नवंबर, 2023 को स्थिति बदल गई, जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट ने बच्चों के अधिकारों के कार्य करने वाली स्थानीय वकील रिजवान अली से सहायता मांगी। एडवोकेटरिज़वान अली,एडवोकेट लतिका संस्था के साथ मिलकर दिव्यांग बच्चो के अधिकारों के लिए काम करते है उन्होंने तेजी से अपना नेटवर्क तैयार किया और गैर सरकारी संगठनों, कानूनी विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित संपर्कों की एक विस्तृत श्रृंखला में बालक के विवरण और फोटो का प्रसार वाट्सएप्प के माध्यम से किया । इसके परिणामस्वरूप अरशद के परिवार को अगले ही दिन, 24 नवंबर, 2023 को पता चल गया।24 नवंबर, 2023 को बालक का परिवार एडवोकेट रिज़वान अली के पास पहुंचा और व्हाट्सएप पर प्रसारित जानकारी के माध्यम से अरशद की पहचान की पुष्टि की। इस सफलता से बालक और उसके परिवार के बीच एक दिल छू लेने वाला पुनर्मिलन हुआ, जो बालक के दस्तावेजों और पहचान की सावधानीपूर्वक सत्यापन प्रक्रिया के बाद बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) व जिला प्रशासन देहरादून के समक्ष आयोजित कर बालक को परिवार जनों के सुपुर्द किया गया।

# धोरा पुड़िया लाखामण्डल पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा हुआ ढोल,नगाड़ों से स्वागत



देहरादून। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज चकराता विकासखंड के दौधा एवं खारसी व दोपहर बाद धोरा पुड़िया लाखामण्डल पहुंची गांव पहुँचने पर ग्रामीणों ने यात्रा व अधिकारियों स्थानीय ग्रामीणों महिलाओं ने यात्रा का पारंपरिक रुप से ढोल,नगाड़ों के साथ स्वागत किया। जनजातीय क्षेत्र के ग्रामीणों को संकल्प यात्रा के माध्यम सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारियां दी जा रही है तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। जनजातीय समुदाय द्वारा संकल्प यात्रा हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार का आभार जताया विगत 15 नवम्बर से आरम्भ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा के पांचवे पड़ाव पर यात्रा में शामिल अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी ग्रामीणों को जानकारी देते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को आच्छादित किया जा रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को लेकर ग्रामीणों को शपथ भी दिलाई साथ ही ग्रामीणों को मनरेगा से होने वाले कार्यों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने भी अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा व लंबित पेंशन प्रार्थना पत्रों के साथ अन्य समस्याओं से अवगत कराया अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को उच्च स्तर तक पहुंचाकर समाधान करने का आश्वासन दिया।

# डीपफेक सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए एक प्रभावी तंत्र की जरूरत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

दिल्ली : डीपफेक से उत्पन्न मुद्दों पर स्टेकहोल्डर्स के साथ रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक की। उन्होंने कहा कि डीपफेक दुनिया भर में लोकतंत्र और सामाजिक संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा बनकर उभरा है। सोशल मीडिया प्लेट-फार्मों के माध्यम से डीपफेक सामग्री के प्रसार ने इस चुनौती को और बढ़ा दिया है। ऐसी सामग्री पोस्ट करने से पहले और बाद में डीपफेक सामग्री का पता लगाया जाना चाहिए, डीपफेक सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए एक प्रभावी तंत्र होना चाहिए, प्रभावी और शीघ्र रिपोर्टिंग और शिकायत निवारण तंत्र उपलब्ध होना चाहिए, डीपफेक के मुद्दे पर व्यापक जागरूकता पैदा की जानी चाहिए रेल मंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने समय-समय पर सोशल मीडिया मध्यस्थों को डीपफेक के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने की सलाह दी है। इससे पहले मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डीपफेक पर प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर शिक्षा जगत, उद्योग निकायों और सोशल मीडिया कंपनियों (फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर), व्हाट्सएप, टेलीग्राम, कू, स्नैपचैट आदि) के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। चर्चा के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि सरकार, शिक्षा जगत, सोशल मीडिया कंपनियां और एनएएसएससीओएम संयुक्त रूप से डीपफेक का जवाब देने की दिशा में काम करेंगे। इस बात पर भी सहमति हुई कि अगले 10 दिनों के भीतर आधार स्तंभों पर कार्रवाई योग्य बिन्दुओं की पहचान की जाएगी। स्तंभीय संरचना को अंतिम रूप देने के लिए दिसंबर, 2023 के पहले सप्ताह में संबंधित स्टेकहोल्डर्स के साथ एक अनुवर्ती बैठक फिर से आयोजित की जाएगी।

# यूरोप में सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करेंगे महंत रवि प्रपन्नाचार्य

ऋषिकेश। तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज यूरोप में सनातक संस्कृति का प्रचार प्रसार करेंगे। इसके लिए वे दो माह के दौरे पर यूरोप रवाना हुए। रवानगी से पूर्व ऋषिकेश के संतों ने उन्हें सम्मानित कर रवाना किया। शुक्रवार को ब्रह्मपुरी स्थित श्रीराम तपस्थली आश्रम में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आध्यात्मिक यात्रा में यूरोप जा रहे तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास महाराज ने बताया कि महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज दो माह के यूरोप दौरे पर रवाना हुए हैं। उनका यह आध्यात्मिक यात्रा है, जिसमें वह दो माह तक स्पेन, हंगरी, बुडापेस्ट आदि जगहों पर सेमिनार में शिरकत करेंगे। जिसमें वह युवाओं को सनातक धर्म के प्रति जागरूक करेंगे। रवानगी से पहले महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि विदेशों में लोगों को गो, गंगा, गायत्री के प्रति जागरूक किया जाएगा। सनातन धर्म में प्रकृति संरक्षण का भी संदेश है, जिसे यूरोप के लोगों तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कृष्णकुंज आश्रम, रामायण प्रचार समिति तुलसी मानस मंदिर, वैदिक फाउंडेशन हिमालय योगालय आश्रम, प्राचीन शत्रुघ्न मंदिर राम झूला, प्राचीन लक्ष्मण मंदिर लक्ष्मण झूला, श्रीभारत मंदिर, भगवान आश्रम, कबीर चौरा आश्रम, ईश्वर आश्रम, रामानंद आश्रम आदि जगहों पर संतों का आशीर्वाद दिया, जहां संतों और ऋषिकुमारों ने उनका स्वागत किया। मौके पर ऋषिकेश वैदिक फाउंडेशन हिमालय योगालय आश्रम के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय संत स्वामी शंकर तिलक महाराज,जगदीश प्रसाद भट्ट, नवीन जोशी आदि उपस्थित रहे।

# युवा महोत्सव में झिरकोटी ममंद ने खिताब जीता

चमोली : शुक्रवार को युवा कल्याण विभाग की ओर से विकासखंड स्तरीय महिला मंगल दलों के युवा/सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक नृत्य एवं लोक गीत की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें लोक गीत और नृत्य में झिरकोटी की महिलाओं ने पहला स्थान हासिल कर खिताब जीता। अब झिरकोटी की टीम जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में शिरकत करेगी। विकासखंड सभागार में आयोजित हुई प्रतियोगिताओं का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख चंद्रेश्वरी रावत ने किया। इस दौरान प्रमुख ने कहा कि पहाड़ के गांव और पहाड़ी संस्कृति पहाड़ में महिलाएं कर रही हैं। जिनके लिए सरकार आगे बढ़ाने और मंच प्रदान करने के लिए युवा महोत्सव जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। खंड विकास अधिकारी विजय पुरोहित ने



कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही विभाग द्वारा महिला और युवक मंगल दलों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में लोक नृत्य प्रतियोगिता में झिरकोटी महिला मंगल दल प्रथम, सेनू द्वितीय और कुकड़ई तृतीय रहा। जबकि लोक गीत में झिरकोटी प्रथम, सेनू द्वितीय और कालेश्वर तृतीय रहा।

# डीएम ने किया शहर में चल रहे स्मार्ट सिटी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने शहर में चल रहे स्मार्ट सिटी के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ईसी रोड, आराघर, हरिद्वार रोड आदि स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्यो को समयसीमा निर्धारित कर सम्बन्धित अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य पूर्ण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शहर में गतिमान निर्माण, सौन्दर्यीकरण कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण करने तथा सड़कों पर निर्माण सामग्री अव्यस्थित न इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कहा कि शहर की सड़कें सुगम,सुरक्षित एवं सुन्दर हो निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष ध्यान रखा जाए



कि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण करने हेतु विभिन्न साईटों पर श्रमिकों की संख्या बढाने के निर्देश। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में किसी प्रकार की हीलाहवाली न बरती जाए। जिलाधिकारी ने माह नवम्बर के अंत तक शहर में संचालित सभी निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को प्रतिदिन साईट पर कार्यों की प्रगति देखते हुए मॉनिटिरिंग करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, तहसीलदार सदर मौ शादाब, अधि0 अभि0 लोनिवि प्रवीण कुश सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट : अर्बनराइजर्स ने इंडिया को 3 रन से हराया



रांची, जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेले गए लीजेंड्स लीग क्रिकेट टी20 के पांचवें मैच में इंडिया कैपिटल्स को अंतिम ओवर के रोमांचक मुकाबले में अर्बनराइजर्स हैदराबाद से हार का सामना करना पड़ा।

गुरुवार को लीजेंड्स लीग क्रिकेट में रांची लेग का आखिरी मैच इंडिया कैपिटल्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। टॉस जीतकर इंडिया कैपिटल्स के कप्तान गौतम गंभीर ने पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद टीम ने 20 ओवर में 189/5 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हालांकि, कैपिटल्स ने शुरुआत अच्छी की और उन्हें जल्दी विकेट भी मिली। 10 रन के मामूली स्कोर पर हैदरबाद की ओपनिंग जोड़ी पवेलियन लौट चुकी थी।

लेकिन, गुरकीरत मान और कप्तान सुरेश रैना के बीच तीसरे विकेट के लिए मजबूत साझेदारी हुई। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 92 रन की शानदार साझेदारी की।

गुरकीरत टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे जिन्होंने 3 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 54 गेंदों पर 89 रन बनाए। जबकि, रैना ने 27 गेंदों पर 46 रन बनाए। वहीं इंडिया कैपिटल्स के लिए इसुरु उड़ाना ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

जवाब में इंडिया कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही। कप्तान गौतम गंभीर पहली ही गेंद पर पवेलियन लौट गए। इस झटके से टीम उबर भी नहीं पाई थी कि हाशिम अमला भी जल्द मात्र 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। देखते ही देखते 43 रनों के स्कोर पर टीम ने 4 विकेट गंवा दिए।

यहां से टीम की हार साफ नजर आने लगी लेकिन केविन पीटरसन ने रिकाडो पॉवेल के साथ मिलकर 72 रन जोड़े और एश्ले नर्स के साथ मिलकर 42 रनों की साझेदारी की। टीम को अब जीत नजर आने लगी मगर अंतिम ओवरों में हैदराबाद ने शानदान कमबैक किया।

18वें ओवर में पीटरसन के आउट होने के बाद मैच ने करवट ली। पीटरसन ने 77 रन बनाये जिसमें 4 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। अंतिम ओवर में टीम को 11 रन चाहिए थे लेकिन कैपिटल्स 7 रन ही जोड़ पाए और मात्र 3 रन से यह रोमांचक मुकाबला गंवा दिया।

अर्बनराइजर्स के लिए क्रिस म्पोफु ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

# दबाव में आने के बाद वापसी करना शानदार था: सूर्या



विशाखापत्तनम, टी20 सीरीज के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया पर दो विकेट की जीत के साथ कप्तान के रूप में अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में जीत हासिल करने के बाद, सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह इस बात से खुश हैं कि उनकी टीम ने दबाव में आने के बाद शानदार वापसी की। जोश इंगलिस ने 50 गेंदों में 110 रन बनाए, जो उनका पहला टी20 शतक भी था जबकि, स्टीव स्मिथ ने अर्धशतक लगाया। इन दोनों बल्लेबाजों की पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 208/3 का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में, सूर्यकुमार ने 42 गेंदों में 80 रनों की तेज पारी खेली। जबकि, ईशान किशन ने 39 गेंदों में 58 रन बनाए और रिंकू सिंह ने 14 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाकर भारत के लिए इस प्रारूप में अब तक का अपना सर्वोच्च लक्ष्य पूरा किया। सूर्या ने कहा, जिस तरह से लडकों ने मैदान पर प्रतिभा का प्रदर्शन किया उससे बहुत खुश हूं। हम दबाव में थे, लेकिन जिस तरह से सभी ने मैच में वापसी की, वह शानदार था। वहीं, भारतीय गेंदबाजों ने जिस तरह 16–20 ओवरों में वापसी की वो भी शानदार रहा, क्योंकि अंतिम ओवर में जिस तरह मुकेश कुमार ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को रोका वो काफी अहम रहा।सूर्यकुमार ने मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नौ चौके और चार छक्के लगाए और किशन के साथ 112 रनों की मैच जिताऊ साझेदारी की।

# पाकिस्तान के स्टार ऑलराउंडर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अचानक कहा अलविदा



नई दिल्ली। पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम (केहिंडे) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इमाद ने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी। संन्यास की घोषणा करते हुए इमाद ने कहा कि वह पाकिस्तान के लिए खेले गए 121 मैचों के लिए आभारी हैं और प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। हालांकि उन्होंने संन्यास किन कारणों से लिया अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका। इमाद वसीम ने एक्स हैंडल पर लिखा, हाल के दिनों में मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के बारे में काफी सोच–विचार कर रहा हूं और मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने का सही समय है। मैं पीसीबी को उनके सभी समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इन वर्षों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना वास्तव में एक सम्मान की बात रही है।

**फैंस को दिया धन्यवाद**

इमाद ने आगे लिखा, वनडे और टी20क प्रारूपों में मेरे 121 मैच एक सपने के सच होने जैसे थे। नए कोचों और आने वाले नेतृत्व के साथ आगे बढ़ने वाले पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह एक रोमांचक समय है। मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं, इसमें हर सफलता शामिल है और मैं टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हूं।''

**साल 2022 में खेला आखिरी मैच**

पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम ने बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज थे। वहीं, निचले क्रम के बल्लेबाज के रूप में पाकिस्तान के लिए 55 वनडे और 66 टी–20 मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार 2022 में पाकिस्तान के लिए खेला था। उन्होंने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि हमेशा इतने जुनून के साथ मेरा समर्थन करने के लिए पाकिस्तान प्रशंसकों को धन्यवाद।

# वर्ल्ड कप के दौरान की तैयारी और बेंच पर बैठकर बनाई रणनीतिः ईशान

विशाखापत्तनम, ईशान किशन को विश्व कप में ज्यादा मौके नहीं मिले। लेकिन, विस्फोटक विकेटकीपर–बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के शुरुआती मैच में 58 रनों की पारी खेलकर सुर्खियां बटोरी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी–20 सीरीज का पहला मैच गुरुवार को विशाखापत्तनम में खेला गया। इस मुकाबले में भारत ने 209 रनों का सफल चेज किय, जो टी–20 में भारत का अब तक सबसे बडा रन चेज है। इस जीत में ईशान किशन ने अहम पारी खेली। उन्होंने 39 गेंदों में 58 रन की पारी के दौरान 2 चौके और पांच छक्के लगाए।

वर्ल्ड कप में शुभमन गिल की वापसी के बाद ईशान किशन को प्लेइंग–11 से बाहर कर दिया गया। अब बाएं हाथ के बल्लेबाज ने खुलासा किया कि कैसे विश्व कप के दौरान अपने खेल पर काम करने से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लक्ष्य हासिल करने में भूमिका निभाई। ईशान ने कहा, यह वनडे विश्व कप के दौरान की बात है। जब मैं प्लेइंग–11 का हिस्सा नहीं था। मैंने हर अभ्यास सत्र से पहले खुद से पूछा, अभी मेरे लिए क्या महत्वपूर्ण है? मैं क्या कर सकता था? मैंने नेट्स पर बहुत अभ्यास किया। मैं खेल के बारे में कोचों से लगातार



बात कर रहा था कि खेल को गहराई तक कैसे ले जाना है और कुछ खास गेंदबाजों को कैसे निशाना बनाना है। एक लेग स्पिनर के खिलाफ एक लेफ्टी बल्लेबाज होने के नाते, मुझे पता है कि विकेट कैसा था क्योंकि मैंने 20 ओवर तक विकेट कीपिंग की थी। जब आप 209 रन का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको एक गेंदबाज को निशाना बनाने की जरूरत होती है, जिसे आप हिट कर सकते हैं। शुरुआती झटके लगने के बाद ईशान किशन और सूर्या के बीच मैच जिताऊ साझेदारी हुई और अंतिम ओवरों में रिंकू सिंह ने फिनिशर की भूमिका निभाते हुए भारत की जीत पक्की की।

# पीएम मोदी के ड्रेसिंग रूम में जाने को लेकर रवि शास्त्री ने कही बड़ी बात





नई दिल्ली। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारतीय ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की तारीफ की। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में मेजबान भारत को 6 विकेट से हराकर छठा खिताब जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी की और विराट कोहली और केएल राहुल के अर्धशतकों के दम पर 240 रन बनाए.हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शानदार शतक लगाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को आसान जीत दिलाई, जिसमें मार्नस लाबुशेन ने शानदार अर्धशतक जमाया। भारत की हार के बाद पीएम मोदी ने ड्रेसिंग रूम का दौरा किया और सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com